लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी, (राजस्व)
(जिला कलक्टर) चित्तौड़गढ़
पीठासीन अधिकारी **तारा चन्द मीणा,** आई.ए.एस.

प्रकरण संख्या / 89 / 2021 (सू.अ.)
पंजीयन दिनांकः– 03.08.2021
G.C.M.S NO. :- 2021/370

श्री रमेश चन्द्र खटीक पिता गणेश लाल खटीक निवासी खटीक मौहल्ला, चित्तौड़गढ़

बनाम

लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन) चित्तौड़गढ़

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम–2005

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

निर्णय

दिनांक 31.08.2021

सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन) चित्तौड़गढ़ के यहां सूचना चाहने हेतु एक आवेदन दिनांक 22.06.2021 को प्रस्तुत किया। प्रस्तुत आवेदन पर 30 दिवस की अवधि में भी अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना उपलब्ध नहीं कराने से यह अपील प्रस्तुत की गई।

अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर इस न्यायालय के पत्रांक प्र.सं. सूचना का अधिकार 89 / 2021 / (31.08) / 763 दिनांक 03.08.2021 से लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ को दिनांक 31.08.2021 से पूर्व कमेंट्स प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित करते हुए, अपीलार्थी को भी सम संख्यक पत्रांक (रजिस्टर्ड) से नियत दिनांक 31.08.2021 को अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित होने के लिये लिखा गया।

अपीलार्थी ने स्वयं उपस्थित होकर मौखिक रूप से अपना पक्ष रखा कि उसे लोक सूचना अधिकारी द्वारा आदिनांक तक कोई सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई है अतः चाही गई सूचनाऐं दिलाने का आदेश प्रदान करावें।

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर
चित्तौड़गढ़ (राज.)

लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन) चित्तौड़गढ़ ने अपने पत्र क्रमांक / एडीएम / पीए / लोसूअ / 2021 / 539 दिनांक 31.08.2021 से कमेंट्स प्रेषित किये जो इस प्रकार है:—

1. यह कि प्रार्थी श्री रमेश चन्द्र खटीक पिता गणेश लाल खटीक निवासी खटीक मौहल्ला, गोलप्याऊ चौराहे के पास, चित्तौड़गढ़ द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत आवेदन पत्र दिनांक 22.06.2021 को प्रस्तुत किया जो इस कार्यालय में प्राप्त होना सही है।
2. यह कि प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र वांछित सूचना के संबंध में सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी, चित्तौड़गढ़ के पत्रांक / लोसूअ / 2021 / 740 दिनांक 05.07.2021 से प्राप्त सूचना कुल किता 01 के इस कार्यालय के पत्रांक / एडीएम / पीए / लोसूअ / 2021 / 2816 दिनांक 08.07.2021 से प्रार्थी को सूचना से अवगत कराया गया है। (पत्र की प्रति संलग्न है।)
3. यह कि प्रार्थी को सूचना के संबंध में इस कार्यालय द्वारा अवगत करा दिया गया है तथा वांछित सूचना प्राप्त होने पर प्रार्थी को उपलब्ध करवा दी जायेगी। अतः अपील पर जवाब स्वीकार कर प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील को निरस्त कराने का श्रम करावें।

हमने अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील तथा लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन) चित्तौड़गढ़ द्वारा अपने पत्रांक / एडीएम / पीए / लोसूअ / 2021 / 539 दिनांक 31.08.2021 से प्रेषित कमेंट्स तथा उसके संलग्न अनुलग्नकों का अवलोकन कर उस पर मनन किया। जिसके अनुसार अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना आदिनांक तक प्राप्त नहीं हुई है तथा अपीलार्थी द्वारा वांछित सूचना पुरानी होने से संबंधित पत्रावली तलाश करने में विलम्ब होने से, लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ ने भी अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना उपलब्ध कराने हेतु अतिरिक्त समय चाहा है।

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
(जिला कलक्टर)
चित्तौड़गढ़ (राज.)

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

प्रकरण संख्या 89 / 2021 (सू.अ.)
श्री रमेश चन्द्र खटीक निवासी चित्तौड़गढ़ बनाम लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन) चित्तौड़गढ़

निष्कर्षतः अपील अपीलार्थी स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ को निर्देशित किया जाता है कि वह अविलम्ब अपीलार्थी द्वारा वांछित सूचना संबंधी पत्रावली तलाश करा पत्रावली मिलने पर अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना निः शुल्क उपलब्ध करा पालना से अवगत करावें।

(तारा चन्द मीणा)
आई.ए.एस.
लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्र. / सरिश्ता / प्र.सं. / 89 / 2021(सू.अ.) / 971 दिनांकः– 08 / 09 / 2021

प्रतिलिपिः–

1. लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़
2. श्री रमेश चन्द्र खटीक पिता गणेश लाल खटीक निवासी खटीक मौहल्ला, गोलप्याऊ चौराहे के पास, तहसील व जिला चित्तौड़गढ़

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)